एक झलक

आपदा प्रबंधन के तहत परिजनों को चार-चार लाख रुपये का दिया चेक

इमामगंज/गया/सं.। थाना क्षेत्र के गुदीया गांव में 10 दिन पूर्व वज्रपात से हुए एक ही साथ दो युवकों की मौत मामले में अंचलाधिकारी सुनीता कुमारी ने आपदा प्रबंधन के तहत परिजनों को चार-चार लाख रुपए का चेक प्रदान किया है । इस संबंध में अंचलाधिकारी सुनीता कुमारी ने बतायीं कि 10 दिन पूर्व प्रखंड क्षेत्र के गुदीया गांव में जानवर चराने के दौरान दो युवकों की मौत वज्रपात से हो गई थी । जिसको लेकर बुधवार को आपदा प्रबंधन के तहत दोनों युवकों के पीड़ित परिजन को चार-चार लाख रुपया का चेक प्रदान किया गया है। इस मौके पर पूर्व विधायक प्रतिनिधि टूटू खान, हम प्रखंड अध्यक्ष राम प्रीत भारती, छकरबंधा पंचायत के मुखिया श्यामसुंदर प्रसाद गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे।

वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

कोंच/गया/सं.। थाना क्षेत्र के बड़ागांव पुल के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक मोटरसाइकिल सवार की घटना स्थल पर मौत हो गई पुलिस शव को अपने कब्जे में ले लिया है।शव की जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के केर गांव के रहने वाले विनोद यादव टिकारी से बाजार कर देर रात घर लौट रहे थे इसी दरमियान बड़गांव पुल के समीप विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आ जाने से गंभीर रूप से घायल हो गए और घटना सथल पर उनकी मौत हो गई। पंचायत के मुखिया शशि कुमार ने बताया कि केर गांव के रहने वाले विनोद यादव टिकारी से बाजार कर घर लौट रहे थे इस दरमियान बड़गांव पुल के समीप एक वाहन द्वारा ठोकर मार देने से उनकी मौत घटनास्थल पर हो गई है पुलिस शव को अपने कब्जे में ले लिया है।

376 लीटर शराब बरामद

गुरारू/गया/सं.। गुरारू थानाध्यक्ष चाहत कुमार ने बुधवार की अल सुबह गुप्त सूचना के आधार पर गुरारू बाजार के समिप स्टेट हाइवे 69 पर से भारी मात्रा मे अंग्रेजी शराब बरामद करने मे सफलता प्राप्त की है। उक्त शराब एक मारूति जेन कार जिसका रजिस्ट्रेशन नम्बर बीआरओ 3 पी /6379 से बरामद किया है। जांच के क्रम में उक्त गाड़ी से 386 लीटर विभिन्न ब्रांडों के वियर अंग्रेजी शराब जप्त किया गया। इस दौरान गाड़ी के चालक को भी पुलिस ने गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की है। चालक की पहचान बीस वर्षीय मंटु कुमार पिता जयपाल भगत के रूप मे की गयी है। जिसका स्थाई पता ग्राम -बहरामपुर थाना -राघोपुर जिला - वैशाली है। थानाध्यक्ष चाहत कुमार ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया की प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

माले नेता की हत्या के खिलाफ पार्टी कार्यकर्ताओं ने निकाला विरोध मार्च

गया/सं.। भाकपा माले के अरवल जिला कमिटी सदस्य सुनील चंद्रवंशी हत्याकांड के खिलाफ आज भाकपा माले ने गया में विरोध मार्च निकालकर हत्यारे को गिरफ्तार करने एवं बिहार में बढ़ते हत्या-अपराध पर रोक लगाने की मांग की।अंबेडकर पार्क से बड़ी संख्या में भाकपा माले कार्यकर्ता इकट्ठा होकर हाथों में झंडा और बैनर लेकर नारेबाजी करते हुए टावर चौक पहुंचे जहां सभा किया गया।सभा को सम्बोधित करते हुए माले राज्य कमेटी सदस्य रीता वर्णवाल ने कहा कि बिहार के अरवल में भाकपा-माले जिला कमिटी सदस्य सुनील चंद्रवंशी की दिन दहाड़े हत्या कर दी गई। बिहार में प्रतिदिन धड़ल्ले से हत्या- अपराध हो रहा है। उन्होंने कहा कि दलित- गरीबों की आवाज उठाने वाले नेताओं को या तो जेल में डाल दिया जाता है या उनकी हत्या कर दी जाती है। भाजपा- जदयू की सरकार में सामंती ताकत एवं अपराधी छवि वाले लोगों का मनोबल बढ़ गया है।पुलिस का इकबाल खत्म हो गया है। उन्होंने सुनील चंद्रवंशी के हत्यारे को जल्द गिरफ्तार कर जेल में बंद करने, पीड़ित परिवार को 20 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग अन्यथा आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी।कार्यक्रम में मानपुर प्रखंड सचिव सुदामा राम, रवि कुमार, शिशुपाल पासवान, रघुनंदन शर्मा, शंभू राम, कामता प्रसाद बिंद, मालो देवी, पारो देवी, शारदा देवी, बचिया देवी, नेहालउद्दीन, श्री चंद दास समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

शौचालयों को नियमित कराते रहें साफ-सफाई : डीएम

- जिलाधिकारी व डीआरएम रेलवे ने पितृपक्ष में आने वाले यात्रियों के बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने हेतु रेलवे के पदाधिकारियों व जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए स्टेशन परिसर का घूम घूम कर किया निरीक्षण

गया/संवाददाता। पितृपक्ष मेला 2024 के अवसर पर देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओ, जो खासकर विभिन्न ट्रेन के माध्यम से आएंगे, उनकी सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को बेहतर तथा सुगमता बनाने के उद्देश्य से गया जिला पदाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम की अध्यक्षता में रेलवे स्टेशन के बाहरी परिषर में बने सभागार में रेलवे स्टेशन के तमाम वरीय पदाधिकारियों, जीआरपी, आरपीएफ तथा जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में स्टेशन के पदाधिकारी ने बताया कि वर्तमान समय में लगभग 85 जोड़ी से ऊपर ट्रेन का परिचालन है। 40 हजार से 50 हजार यात्री प्रतिदिन गया रेलवे स्टेशन से यात्रा कर रहे हैं। पितृपक्ष मेला के समय लगभग 80 हजार से 90 हजार यात्री प्रतिदिन गया जिला आते हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र तथा हरियाणा राज्य से ज्यादातर तीर्थयात्री आते हैं। बैठक में बताया गया कि ज्यादातर ट्रेनें रात्रि 09 से सुबह 04 बजे समय के बीच ही आती है। यात्रियों की सुविधा हेतु कुल 20 टॉयलेट की व्यवस्था है जिसमें 5 रेलवे स्टेशन के अंदर तथा 15 रेलवे स्टेशन के बाहर में है। इसके अलावा टेंपरेरी टॉयलेट का भी निर्माण करवाया जा रहा है। जिला पदाधिकारी ने सभी शौचालयों को नियमित साफ-सफाई अच्छे तरीके से साफ सफाई करवाते रहने का निर्देश दिए। रेलवे अपना सारा व्यवस्था को दुरुस्त रखे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में गया रेलवे स्टेशन का नए सिरे से निर्माण करवाया जा रहा है, जिसे लेकर थोड़ी बहुत परेशानी हो रही है परंतु यात्रियों के आवागमन एवं उनकी सुरक्षा को पूरा ध्यान में रखते हुए अनंउपयोगी उपकरणों को किसी दूसरे स्थान पर शिफ्ट करें, ताकि यात्रियों का मूवमेंट पूरी अच्छी तरीके से रहे। कहीं भी कोई किसी की गिरने या भगदड़ जैसी स्थिति नहीं बने। यत्र तत्र लोहे का सामान फैले/ बिखरे रहने से यात्रियों का पैर फंस सकता है और यात्री गिर सकते हैं इसे पूरा ध्यान रखकर यत्र तत्र लोहे के इक्विपमेंट को किसी दूसरे स्थान पर रखवा दें। जिला पदाधिकारी ने रेलवे प्रशासन को निर्देश दिया कि भीड़ नियंत्रण को बेहतर तरीके से अनुपालन कराएंगे। सभी तीर्थ यात्रियों के साथ कुशल व्यवहार अपनाएंगे। विभिन्न जीआरपी, आरपीएफ तथा अन्य पदाधिकारियों को अच्छे तरीके से प्रतिनियुक्ति करें। उन्होंने कहा कि स्टेशन का नए सिरे से निर्माण होने के कारण फुट ओवर ब्रिज कहीं कहीं पर काफी संकीर्ण हो गया है, उसे स्थान पर पर्याप्त साइनेज एवं पदाधिकारी पुलिसकर्मी की प्रतिनियुक्ति रखें जिससे तीर्थ यात्रियों की एकाएक भीड़ को डायवर्ट किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्लेटफार्म संख्या 1 से प्लेटफार्म संख्या 7 को जोड़ने वाली प्लेटफार्म में चल रहे कार्य को तेजी से पूर्ण करवाने को कहा है इसके अलावा उन्होंने कहा कि तीर्थ यात्रियों के लिए बनाए जा रहे वेटिंग हॉल को तेजी से दुरुस्त करवाये। उन्होंने कहा कि जिस किसी पाथवे या प्लेटफार्म पर आवाजाही के दौरान चौड़ाई कम है इसका आकलन कर वहां पर आवश्यक साइनेज एवं बैरिकेडिंग इत्यादि की व्यवस्था करावे ताकि यात्रियों को कहीं कोई दिक्कत नहीं रहे। इसके अलावा उन्होंने कहा कि रेलवे के पदाधिकारी एवं जिला प्रशासन के पदाधिकारी संयुक्त रूप से पूरे रेलवे परिसर का घूम कर निरीक्षण कर ले और जहां कहीं भी आवागमन के दौरान ऊंचा नीचा गधा इत्यादि दिखाई दे उसे पूरी तरह तुरंत समतल लेबलिंग करवा दें ताकि तीर्थ यात्रियों को कहीं कोई असुविधा नहीं होवे। इसके अलावा सभी में रास्ता को भी समतलीकरण करवा दें। साइनेज में कहीं कोई कमी नहीं रखें क्योंकि स्टेशन का निर्माण हो रहा है इस दौरान साइनेज ही एक महत्वपूर्ण साधन है जो तीर्थ यात्रियों को मदद पहुंच सकेगा।

राज्य सरकार व पर्यटन विभाग ने टेंट सिटी का कराया जा रहा निर्माण

- गांधी मैदान में 2500 की क्षमता वाला टेंट सिटी का निर्माण किया जा रहा है
- टेंट सिटी में यात्रियों को निशुल्क दिया जाएगा आवासन
- पितृपक्ष मेला के अवसर पर बनाया जा रहा है टेंट सिटी

गया/संवाददाता। पितृपक्ष मेला के दौरान तीर्थ यात्रियों की आवासन की सुविधा हेतु गया गांधी मैदान में 2500 क्षमता वाले टेंट सिटी का निर्माण करवाया जा रहा है, जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम स्वमं गांधी मैदान पहुच कर निर्माण किये जा रहे टेंट सिटी के ले-आउट/ नक्सा/ डायग्राम/ डी- मार्किंग को देखा। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिया कि टेंट सिटी पूरी तरह हवादार बनाये। साथ ही जमीन में कमसे कम 04 इंच का वुडेन फ्रेम करवाये। ताकि टेंट सिटी में किसी भी यात्री को जमीन की पानी नही लगे। टेंट सिटी में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। टेंट सिटी में एलईडी स्क्रीन लगाए जा रहे हैं जिससे सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जाएगा। टेंट सिटी में 24 घंटे पावर बैकअप, 8 घंटे के पालियों में सिक्योरिटी गार्ड की प्रतिनियुक्ति, पर्याप्त सफाई व्यवस्था, पेयजल हेतु आर ओ वाटर, पर्याप्त डस्टबिन, यात्रियों की सुविधा हेतु पर्याप्त स्थानों पर साइनेज लगवाए जा रहे हैं। टेंट सिटी में पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे, वीआईपी लॉन्ज, टॉयलेट, रिसेप्शन एरिया, पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम, सेल्फी प्वाइंट तथा ड्रोन के माध्यम से सिक्योरिटी संधारित किया जाएगा। इन सभी के अलावा और भी विभिन्न व्यवस्थाएं अच्छे एवं सुसज्जित तरीके से रखी जाएगी। गया जिला पदाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम ने कहा कि टेंट सिटी पूरी तरह निशुल्क आवासन स्थल है। यात्रियों की सुविधा हेतु निशुल्क आवासन हेतु बिहार सरकार तथा पर्यटन विभाग द्वारा टेंट सिटी बनवाया जा रहा है। उन्होंने संबंधित अभियंता को निर्देश दिया कि विभिन्न तीर्थयात्री तर्पण करने जाने के दौरान अपने सामान को आवासन स्थल पर ही छोड़ देते हैं, जिसके कारण उनकी सामानों का चोरी ना हो इसके लिए विशेष व्यवस्था रखें। उन्होंने कहा कि टेंट सिटी में सेफ्टी काउंटर लॉकर के साथ बनाए तथा टोकन सिस्टम के माध्यम से यात्रियों का सामान सिक्योर रखें।उन्होंने कहा कि टेंट सिटी के समीप मे आई हेल्प यू काउंटर बनाए तथा वहां रहने वाले यात्रियों से जानकारी लेते हुए रजिस्टर मेंटेन करें ताकि पता चल सके कि कौन से यात्री कितने दिनों तक टेंट सिटी में ठहरे हैं।जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता बिजली विभाग को निर्देश दिया कि गांधी मैदान में पोल पर लगे तार को गार्ड वायर से बंच करवाए ताकि कहीं कोई बिजली की घटना नहीं हो सके।उन्होंने नगर निगम के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि गांधी मैदान के झाड़ियों को साफ करवाये साथ ही पहुच पथ को ठीक करवाये। गांधी मैदान में फॉगिंग की भी व्यवस्था करवाये। गांधी मैदान के अंदर वाली सभी पोल लाइट एव हाई मास्टर लाइट को दुरुस्त करवाये। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, निगम के अधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

'तिथि देवो भव' की परंपरा का करें पालन : डॉ. मनीष पंकज

संवाददाता

गया। राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश कार्यालय में नूतन नगर में राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष, डॉ. मनीष पंकज मिश्रा, की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में 2024 पितृपक्ष मेले के दौरान गया जिले में आने वाले अतिथियों के स्वागत और सेवा पर चर्चा किया गया चर्चा के दौरान डॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा ने कहा अतिथि देवो भव" की परंपरा का पालन करने की बात कहते हुए, राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के द्वारा निशुल्क बिस्कुट चाय और पानी के लिए जिला प्रशासन से भी अनुमति के लिए आवेदन दिया गया है आग्रह किया कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा का ध्यान रखते हुए अनुमति के लिए आवेदन पत्र सदर अनुमण्डल पदाधिकारी सादर गया को भी दिया गया है और कहना है कि यह मेला केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि गया जिले की संस्कृति और परंपरा को दशार्ने का भी अवसर है।डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने गया जी के जनता से अपील किया कि जिला प्रशासन को भरपूर सहयोग देने की अपील की मेले में आने वाले सभी श्रद्धालु हमारे मेहमान हैं, और उनके साथ सम्मान और सेवा का भाव रखना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने जिला प्रशासन को सहयोग की अपील करते हुए यह भी कहा कि यह मेले में आने वाले सभी लोगों के लिए सुखद और सुरक्षित अनुभव होना चाहिए।इसके साथ ही, डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन की ओर से निशुल्क स्टॉल चाय पानी बिस्कुट लगाने की भी घोषणा की, जहां लोगों को आवश्यक जानकारी और सहायता प्रदान की जाएगी। यह स्टॉल न केवल जानकारी प्रदान करेगा, बल्कि विशेष रूप से बुजुर्ग, महिलाएं और दिव्यांगजन जैसे जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए कार्य करेगा। संगठन ने यह पहल इसलिए की है ताकि मानवाधिकारों का सम्मान और उन्हें सुरक्षित रखने के उद्देश्य को पूरा किया जा सके। उनकी इस अपील के माध्यम से उन्होंने मेले को सफल बनाने और मानवता की सेवा का संदेश देने की कोशिश की है। आज के बैठक में राणा रणजीत सिंह सुनील बंबइया सारिका वर्मा राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता गोपाल प्रसाद यादव दीपक पांडे संतोष ठाकुर संजय यादव महेश यादव मंटू कुमार बबलू गुप्ता विजय प्रसाद उर्फ काला नाग नीरज कुमार सिंह ललन कुमार चंद्रवंशी सहित कई लोग मौजूद थे।

नवनियुक्त शिक्षक नई शिक्षा नीति को आगे बढ़ाने में सहयोग करें : कुलपति

- गणित के 18 व उर्दू के 6 सहायक अचार्यों को मिला नियुक्ति पत्र

गया/संवाददाता। मगध विश्वविद्यालय के दूरस्थ शिक्षा विभाग के सभागार में नवनियुक्त शिक्षकों के लिए नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमे उर्दू के 6 और गणित के 18 सहायक अचार्यों को नियुक्ति पत्र दिया गया. इसकी अनुशंसा बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग द्वारा की गयी थी।नवनियुक्त सहायक अचार्यो को कुलपति प्रो. एसपी शाही ने नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए कहा की नवनियुक्त शिक्षक नई शिक्षा नीति को आगे बढ़ाने में सहयोग प्रदान करें.कुलपति प्रो शाही ने मगध विश्वविद्यालय के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि आपको जो भी महाविद्यालय मिला है, वहां पठन पाठन का माहौल बनाइए। अच्छे शोध पत्र लीखिये और रिसर्च प्रपोजल बनाइये. विश्वविद्यालय ने शोध के लिए अलग से पांच करोड़ रुपए का शोध फंड बना रखा है।आप सभी रिसर्च प्रपोजल लिखकर विश्वविद्यालय को भेंजे. इस मौके पर कुलसचिव प्रो. विपिन कुमार और दूरस्थ शिक्षा निदेशक प्रो. सुशील कुमार सिंह ने कहा कि आप सभी को जो भी महाविद्यालय मिला हैं, वहां मन लगाकर शिक्षण कार्य करें और उस महाविद्यालय के शैक्षणिक विकास में योगदान दें। कुलपति महोदय और विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारी सदैव आपकी सहायता के लिए तत्पर रहेंगे। आप सभी उस दीपक की तरह है जो अपने ज्ञान से विद्यार्थियों को प्रज्वलित कर सकता है। इस मौके पर मौजूद सहायक कुलसचिव डॉक्टर अमरनाथ पाठक ने कहा कि आप सभी शिक्षक अपने महाविद्यालय को विभागों में योगदान के दिन ही एक पौधा अवश्य लगाएं जो आपके लिए यादगार बना रहे।

उपस्थिति संख्या कराएं बढ़ोतरी : डीएम

- क्षेत्र भ्रमण के दौरान स्कूलों व अस्पतालों का किया औचक निरीक्षण

गाबाद/सं.। जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के द्वारा कुटुंबा प्रखंड अंतर्गत विभिन्न स्कूल, रेफरल अस्पताल, पंचायत सरकार भवन का औचक निरीक्षण किया गया एवं संबंधित अधिकारीयों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सर्वप्रथम प्राथमिक विद्यालय बिशुनपुर, रीसियप का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी शिक्षक उपस्थित थे। छात्र एवं छात्राओं की उपस्थिति कम दर्ज पाई गई जिस पर जिला पदाधिकारी द्वारा खेद प्रकट करते हुए उपस्थिति संख्या बढ़ोतरी कराने का निर्देश दिया। इसके बाद उन्होंने उच्च विद्यालय, रिसियप का निरीक्षण किया गया। उच्च विद्यालय रीसियप में सभी शिक्षक उपस्थित पाए गए। सभी विद्यार्थी पठन-पाठन में कार्य में लगे हुए थे। प्रधानाध्यापक के द्वारा जिला पदाधिकारी से शौचालय की मरम्मती एवं चार दिवारी का निर्माण कराने का अनुरोध किया गया। उन्होंने उपस्थित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को उक्त कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।पंचायत सरकार भवन रीसियप के निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि वहां सभी पंचायत कर्मी अनुपस्थित थे। जिला पदाधिकारी द्वारा बीडियो, सीओ एवं बीपीआरओ को स्पष्टीकरण करते हुए सभी अनुपस्थित कर्मियों का वेतन बंद करने का निर्देश दिए। पंचायत सरकार भवन में ही विशेष सर्वेक्षण का कार्य चलाया जा रहा था, जहां उपस्थित ग्रामीणों से जिला पदाधिकारी ने समस्या सुनी एवं सहायक बंदोबस्त अधिकारी एवं कानूनगो को सही जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिए। साथ ही साथ संबंधित प्रपत्र ग्रामीणों से प्राप्त कर प्रतिदिन वेबसाइट पर अपलोड करने का निर्देश दिए। पंचायत सरकार भवन डुमरा में निरीक्षण के दौरान वहां सिर्फ राजस्व कर्मचारी एवं सरपंच उपस्थित थे।

शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को मिलेगा इसका लाभ : जिला जज

- सुदूरवर्ती क्षेत्रों में राष्ट्रीय लोक अदालत में वादों के निस्तारण को लेकर जागरुकता रथ रवाना

औरंगाबाद/संवाददाता। जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राज कुमार द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रांगन से राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु जिले के सुदरवर्ती क्षेत्रों के लोगो को जागरूक करने के लिए दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक से सम्बन्धित वैन को हरि झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव, संकुल राम सहित कई न्यायिक पदाधिकारीगण उपस्थित थे। जिला जज ने इस अवसर पर बताया कि दिनांक 14-09-2024 को आयोजित होने जा रहे राष्ट्रीय लोक अदालत का फायदा न सिर्फ शहर एवं कस्बों के लोगो मिले बल्कि जिले के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के लोगो तक पहुंचे, इस उद्देश्य के लिए यह जागरूकता रथ कारगार साबित होगा। जिला जज ने इस अवसर पर यह बताते हुए कि यह राष्ट्रीय लोक अदालत इस वर्ष का तीसरा राष्ट्रीय लोक अदालत है और इस राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से सभी शमनीय वादों का निस्तारण एवं बैंक से सम्बन्धित वादों का निस्तारण निश्चित किया गया है। इस पर जिला जज ने जिला के वासियों से अपील किया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने से सम्बन्धित सुलहनीय वादों का निस्तारण करायें और बैंक से सम्बन्धित जो भी बकाया राशियां है जो भी संभव हो उनका निदान किया जायेगा और बैंक के पदाधिकारियों द्वारा पूरा सहयोग किया जाएगा। इस अवसर पर दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबन्धक के साथ-साथ अन्य प्रबन्धक उपस्थित रहें। इस अवसर पर उनके द्वारा कहा गया कि समस्त शाखा प्रबन्धको को यह निर्देष दिया गया है कि ऋण वाद से जुड़े मामलों का निस्तारण दिये गये दिशा-निर्देश के तहत करें एवं पक्षकारो को किसी तरह की परेशानी न हो। अगर कोई समस्या हो या पक्षकार को काउन्सेलिंग की आवश्यकता हो तो वे तत्काल उन्हें प्राधिकार के कार्यालय से सम्पर्क करने अथवा प्राधिकार तक लाने में सहयोग करें। उनके द्वारा बताया गया कि प्राप्त जानकारी के अनुसार विभिन्न ऋण वादों में लगभग चार हजार नोटिस पक्षकारो को प्रेषित की गयी है तथा बैंक के द्वारा विभिन्न प्रकार की ऋणों में विभिन्न तरह की छूट बैंक के द्वारा प्रदान की जा रही है जिन व्यक्तियों को अपने ऋण से सम्बन्धित मामलों का निस्तारण छूट के तहत कराना है तो वे अपने शाखा प्रबन्धक से सम्पर्क करें चाहे उन्हें नोटिस प्राप्त हुआ हो अथवा नहीं हुआ है। इनके द्वारा कहा गया कि ग्रामीण क्षेत्र के अधिकांश लोग जानकारी तथा जागरूकता के अभाव में इसका फायदा नहीं उठा पाते हैं परन्तु प्रचार-प्रसार के लिए निकला जागरूकता रथ इन्हें सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध करायेगा।

मुखिया ने पत्रकार के साथ की गाली-गलौज

- पत्रकार ने थाने मे दिया आवेदन
- प्राथमिकी दर्ज नहीं होने पर थाने में आत्मदाह करने की चेतावनी

गुरारू/गया/सं.। गुरारू प्रखंड के कौनसी पंचायत के मुखिया राजीव रंजन पर एक हिंदी दैनिक अखबार के रिपोर्टर सुदर्शन कुमार ने जाति सूचक का इस्तेमाल करते हुए गाली गलौज करने व जान से मार देने का घमीक देने का आरोप लगाते हुए गुरारू थाने मे प्राथमिकी दर्ज करने के लिए बुधवार को आवेदन दिया है। पिड़ित पत्रकार ने थाने मे दिये आवेदन मे कहा है कि मुझे प्रताड़ित करने वाले मुखिया राजीव रंजन के विरूद्ध अगर थानाध्यक्ष ने प्राथमिकी दर्ज नहीं किया तो थाने मे आत्मदाह कर लेंगे।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

ई–निविदा नोटिस सं0–25 ऑफ 2024–25/ खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डी.डी.यू. एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध हैं, निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा सं.–19–डीडीयू–व.मं.इंजी.–।। –24–25, (i) कार्य का नाम एवं लोकेशन : सहायक मंडल इंजीनियर/डेहरी ऑन सोन के अधीन सासाराम में गार्ड और ड्राइवर के विश्राम कक्ष का निर्माण। **(ii) कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 7098818.16 **(iii) धरोहर राशि :** ₹ 142000.00 **(iv) ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय :** 03.10.2024 को 12:00 बजे तक। **(v) वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in** नोटः– विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक, पूर्व मध्य रेल, पं0 दीन दयाल उपाध्याय मंडल

पीआर/01104/डीडीयू/इंजी./टी/24–25/32

दूर-दूर से आए तीर्थ यात्रियों को अतिथि देवो भवः के तर्ज पर करेंगे स्काउट गाइड सेवा

- भारत स्काउट व गाइड के 200 कैडेट एवं 22 शिक्षक शिक्षिका करेंगे पितृ पक्ष मेला में लाखों तीर्थ यात्रियों की सेवा
- सेवा ईश्वर की पूजा है तथा कर्ता को इससे आत्मिक सुख मिलता है

गया/संवाददाता। गया जिला पदाधिकारी डॉ त्यागराजन एम एस गया एवं नोडल पदाधिकारी पितृ पक्ष मेला 2024 गया के आदेशानुसार बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड जिला गया द्वारा विभिन्न विद्यालयों से चयनित 200 स्काउट एवं गाइड 22 शिक्षक शिक्षका करेंगे पितृ पक्ष मेला में तीर्थ यात्रियों को सेवा।जिला संगठन आयुक्त गोपाल कुमार ने बताया कि भारत स्काउट और गाइड के छात्रों को पूरे मेला क्षेत्र में विभिन्न घाटों, वेदों ,मंदिरों, रेलवे स्टेशन ,ट्रैफिक व्यवस्था भीड़ नियंत्रण करेंगे एवं मेला क्षेत्र में।खोए-पाया बच्चों की जानकारी लेना, दर्शनार्थियों को पंक्तिबद्ध करना ,चोर उचक्कों की निगरानी करना एवं दूर-दूर से आए लाखों तीर्थ यात्रियों को आवश्यकता अनुसार सेवा देंगे स्काउट /गाइड, जिला सचिव रणजीत बाणभट्ट ,ने कहा कि स्काउट एवं गाइड्स हमेशा अपनी सेवाएं देने में तत्पर रहते हैं और मेले में दी गई सेवाओं को अपने लोग बुक में फोटोग्राफर के साथ लिखते हैं स्काउट एवं गाइड। स्काउट गाइड के प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्रों बनते हैं देश के लिए देश रक्षक एवं समाज सेवक।

विराज पंचायत कार्यालय एवम विद्यालय का बीडीओ ने किया निरीक्षण

इमामगंज/गया/सं.। प्रखंड के सुदूर वर्ती विराज पंचायत कार्यालय का बीडीओ संजय कुमार ने निरीक्षण किया गया. इस संबंध में बीडीओ ने बताया कि निरीक्षण के दौरान पंचायत कार्यालय में रोस्टर के अनुसार सभी कर्मी उपस्थिति थे. वहीं पेंशन पंजी को अद्यतन करने का निर्देश कर्मी को दिया गया. इसके अलावा कबीर अंत्येष्टि योजना में प्रविष्टि एवम अनुक्रमणिका पंजी संधारित करने का निर्देश दिया गया. इस दौरान पंचायत भवन में जमीन सर्वे से जुड़े कर्मी उपस्थित पाए गए।

आईसीआईसीआई होम फाइनैंस

कॉरपोरेट कार्यालयः आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुम्बई 400059, भारत
शाखा कार्यालयः चौथी मंजिल, 401, कनक ब्रजराज कॉमप्लेक्स, ढक्कनपुरा, कवि रमन पथ, पटना-800001

[नियम 8(6) के प्रावधान देखें] अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए सूचना

प्रतिभूतिकरण तथा वित्तीय सम्पत्तियों के पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के अधीन अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा आमतौर पर जनसाधारण तथा विशेष रूप से कर्जदारों तथा गारंटरों को सूचना दी जाती है कि नीचे उल्लेखित अचल सम्पत्ति प्रत्याभूत ऋणदाता के समक्ष गिरवी पर रखी गई है/प्रभारित की गई है, उस पर आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कंपनी लि. के अधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जा कर लिया गया है, उसकी यहां नीचे उल्लेखित संक्षिप्त विवरण के अनुसार "जैसे है जहां है", "जैसे है जो कुछ है" तथा "वहां जो कुछ है" के आधार पर बिक्री की जाएगी:

क्र. सं. (ए)	कर्जदारों/सह कर्जदारों/ गारंटरों/वैध उत्तराधिकारियों के नाम, ऋण खाता नं. (बी)	प्रत्याभूत सम्पत्ति का विवरण साथ में ज्ञात ऋण भार, यदि कोई है (सी)	बकाया रकम (डी)	आरक्षित मूल्य बयाना राशि जमा (ई)	सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि व समय (एफ)	नीलामी की तिथि व समय (एच)	नीलामी तिथि से एक दिन पहले	सरफेसी चरण (आई)
1.	मो. फैज असदकी (कर्जदार) सुल्ताना खातून (सह-कर्जदार) LHPTN00001340688 व LHPTN00001341232	ग्राम प्रतापटांड थाना नं. 244 खाता नं. 561 खसरा नं. 2410 थाना भगवानपुर जिला वैशाली लालगंज-844123	रु. 1190621.54 5 सितम्बर, 2024	रु. 1809900/- रु. 1,80,990/-	7 अक्टू., 24 पूर्वा. 11 बजे से अप. 3.00 बजे तक	16 अक्टू., 24 अप. 2.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक	15 अक्टूबर, 24	प्रतीकात्मक कब्जा
2.	सुषमा देवी (कर्जदार) जय प्रकाश सिंह (सह-कर्जदार) LHPTN00001466186 व LHPTN00001466187	एनए भूमि खाता नं. 87 पुराना व नया उप प्लॉट नं. 1690 2127 मौजा पंचमहल थाना नं.47 जिला गया 824236 गया एनए गया बिहार	रु. 1765650.02 5 सितम्बर, 2024	रु. 2381400/- रु. 238140/-	7 अक्टू., 24 पूर्वा. 11 बजे से अप. 3.00 बजे तक	16 अक्टू., 24 अप. 2.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक	15 अक्टूबर, 24	प्रतीकात्मक कब्जा
3.	मनोज साह लहेरी (कर्जदार) रंजू देवी (सह-कर्जदार) LHPTN00001453967 व LHPTN00001453969	689 मौजा सलाहपुर थाना नं. 117 पुराना खेसरा नं. 426 नया खेसरा नं. 689 थाना लालगंज वार्ड नं. 1 जिला वैशाली पिन कोड 844121 एनए वैशाली बिहार 844101	रु. 2015377.34 5 सितम्बर,